बिहार सरकार

मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी।

E-mail :- mithilachitrakalasansthan@gmail.com, Phone No- 06276-291295

पत्रांक :-218/मि०चि०सं०

प्रेषक,

निदेशक,
मिथिला चित्रकला संस्थान,
मधुबनी।

सेवा में,

जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, (NIC)
मधुबनी।

मधुबनी, दिनांक–12/05/2026 ई०।

विषयः– **मिथिला चित्रकला संस्थान, सौराठ ,मधुबनी में आचार्य, प्रशासी पदाधिकारी एवं लेखापाल के पद पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु सूचना को प्रकाशित करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि, मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी में विज्ञापन संख्या–पी० आर० 022745 (Youth, Art & Culture) 2025–26 द्वारा संविदा के आधार पर **आचार्य, प्रशासी पदाधिकारी एवं लेखापाल** के पद पर नियुक्ति हेतु ऑनलाइन (online) माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये थे। आवेदकों को ऑनलाईन फार्मेट में समुचित कॉलम नहीं होने के कारण अपेक्षित सूचना/योग्यता अंकित करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ा है, इसके लिए अनेक आवेदकों द्वारा दूरभाष पर शिकायत की गई है कि अपेक्षित स्थान नही होने के कारण आवेदकों का योग्यता संबंधी अनेक प्रमाण–पत्र अपलोड नहीं किया जा सका है। इसी के निवारण हेतु सभी अभ्यर्थियों को ऑफलाईन माध्यम से हार्ड कॉपी में अपना शैक्षणिक/अनुभव प्रमाण–पत्र जमा करने का अवसर दिया गया है, जिसे दिनांक–14.05.2026 से 30.05.2026 तक मिथिला चित्रकला संस्थान, सौराठ, मधुबनी के कार्यालय में पूर्वा० 10.00 बजे से अप० 05.00 बजे तक हाथो–हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि उक्त सूचना को मधुबनी के बेवसाईट पर ससमय जारी करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नकः– सूचना की छाया प्रति संलग्न।

विश्वासभाजन

12/5/26

निदेशक,
मिथिला चित्रकला संस्थान,
मधुबनी।

बिहार सरकार

मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी।

E-mail :- mithilachitrakalasansthan@gmail.com, Phone No- 06276-291295

–:आवश्यक सूचना:–

कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार, पटना के प्रशासनिक नियंत्राणाधीन मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी के संचालनार्थ विभागीय ज्ञापांक–832, दिनांक : 22.12.2017 एवं दिनांक–31.07.2025 को सचिव कला एवं संस्कृति विभाग, पटना की अध्यक्षता में मिथिला चित्रकला संस्थान, सौराठ, मधुबनी के 5वीं कार्यकारिणी परिषद की कार्यवाही के अनुपालन क्रम में संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–पी0 आर0 –022745 (Youth, Art & Culture) 2025-26 के द्वारा मिथिला चित्रकला संस्थान, सौराठ, मधुबनी में ऑनलाईन के माध्यम से निम्न प्रकार से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए थे:–

क्र. सं.	पदनाम	रिक्ति	आयु सीमा	शैक्षणिक योग्यता	आरक्षण	वेतन/मानदेय	अभियुक्ति
1	आचार्य	01	न्यूनतम 18 वर्ष	मधुबनी चित्रकला के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार या राज्य पुरस्कार प्राप्त होना आवश्यक है। नोट:– 50 अंक उपलब्धियों पर एवं 50 अंक साक्षात्कार पर दिए जायेगें।	अत्यंत पिछड़ा वर्ग –01 पद (बैकलॉग)	40,000/– प्रतिमाह	
2	प्रशासी पदाधिकारी	01	न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 62 वर्ष (उम्र की गणना 01.01.2026 से की जाएगी)	किसी विषय में स्नातक की डिग्री तथा किसी भी संस्थान में प्रशासनिक कार्य का 05 वर्ष का अनुभव। कला क्षेत्र में डिप्लोमा/डिग्री अथवा अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।	अनारक्षित	30,000/– प्रतिमाह	
3	लेखापाल	01	न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 62 वर्ष (उम्र की गणना 01.01.2026 से की जाएगी)	बैचलर ऑफ कॉमर्स की डिग्री तथा किसी संस्थान में 03 वर्ष कार्य का अनुभव। कला क्षेत्र में डिप्लोमा/डिग्री अथवा अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।	अनारक्षित	20,000/– प्रतिमाह	

ऑनलाईन फार्मेट में वांछित सूचना/योग्यता अंकित करने हेतु पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं था। इसके कारण लगभग सभी आवेदन पत्रों में आवेदकों द्वारा अपना पूर्ण विवरणी अंकित नहीं किया जा सका है।

इसी दृष्टिपथ मे यह आवश्यक प्रतीत होता है कि ऑफलाईन माध्यम से ही सभी आवेदकों से पुनः इनका वांछित योग्यता प्राप्त किया जाए, ताकि किसी को भी अपनी योग्यता/वांछित सूचना नहीं भरने के कारण काउंसलिंग हेतु वंचित नहीं होना पडे।

अतः सभी आवेदकों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक– 14/05/2026 से 30/05/2026 तक डाक द्वारा अथवा कार्य–दिवस में (पूर्वा0 10:00 बजे से अप0 5:00 बजे तक) में कार्यालय में उपस्थित होकर अपना वांछित विवरणी जमा करें ताकि चयन हेतु यथोचित कार्रवाई की जा सके।

दिनांक– 30/05/2026 के बाद किसी भी स्थिति में न तो डाक से, न तो कार्यालय काउण्टर पर किसी प्रकार का तत्संबंधी कागजात देय नहीं होगा।

विश्वासभाजन

11/5/2026

निदेशक,
मिथिला चित्रकला संस्थान,
मधुबनी।